हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 5 नवंबर 2024


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री


11 पुल-पुलिया के अभाव में ग्रामों तक नहीं पहुंच रही हैं...





12 रात होते ही सड़कों के बीच घूमते मवेशी वाहन...






## खबर संक्षेप

### कलेक्टर जनदर्शन 6 नवंबर को होगा

**गरियाबंद।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मंगलवार 5 नवंबर को आयोजित होने वाले जनदर्शन जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम होने के कारण से स्थगित की गई है। आगामी जनदर्शन बुधवार 6 नवंबर को दोपहर 1 बजे से आयोजित होगा। इसी तरह प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाले समय-सीमा की बैठक बुधवार 6 नवंबर को होगा।

### कॉलेज में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रारंभ

**गरियाबंद।** कौशल पखवाड़ा शिविर अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण के लिए प्राप्त आवेदन का मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत दो बैच तैयार किया गया है। जिसका लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में ब्युटी पार्लर कोर्स में 30 हितग्राहियों का 5 नवंबर से 21 मार्च 2025 तक एवं जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स में 30 हितग्राहियों का 05 नवम्बर से 21 दिसम्बर 2024 तक प्रशिक्षण संचालित होगा। साथ ही डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में 30-30 हितग्राहियों का एक-एक बैच 11 नवम्बर 2024 से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग रायपुर छ.ग. के निर्देशानुसार गरियाबंद जिले में 14 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया गया था। जिसके तहत जिले के समस्त विकासखण्ड के दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन कर 14 से 45 वर्ष के आयु के युवाओं से उनकी रूचि के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन प्राप्त किया गया। उक्त आयोजित शिविर में कुल 244 युवाओं द्वारा कम्प्यूटर सिलाई, ब्यूटी पार्लर, नर्सिंग, टैक्सी ड्राईवर, रिटेल एवं अन्य कोर्स में आवेदन प्राप्त हुए है। जिनका बैच तैयार कर शीघ्र ही लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में आवासीय एवं गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा।

### युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा के कर्रापारा में रहने वाले एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि प्रकाश मेहेर नवंबर की शाम करीबन 7.30 बजे अपने घर के सामने पिता के साथ बातचीत कर रहा था। उसी समय मोहल्ले के पंकज सतनामी, सोनू सतनामी एवं प्रीतम सतनामी तीनों भाई नशे की हालत में आए और जबरदस्ती गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी को हाथ-मुक्का एवं ईंट से मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आई प्रार्थी की मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# राज्योत्सव आज, योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाई जाएगी प्रदर्शनी

**विधायक धर्मजीत होंगे मुख्य अतिथि, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव का एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार 05 नवंबर को गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय राज्योत्सव में तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह मुख्य अतिथि के आसंदी से 5 नवंबर की शाम राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। एक दिवसीय राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिए विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी तथा हितग्राहियों को सामग्री वितरित कर लाभान्वित किया जायेगा। इसी तारतम्य में सोमवार को कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गांधी मैदान पहुंचकर राज्योत्सव के लिए की जा रही विभागीय तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागीय स्टॉलों की तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी तैयारियां तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक व्यवस्था, पार्किंग, लाईट, साउंड, दर्शक दीर्घा, वीआईपी बैठक व्यवस्था एवं प्रवेश द्वार आदि की भी व्यवस्थाओं को समय में सुनिश्चित करने के निर्देश ⏭ शेष पेज 11 पर

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2024



### स्कूली बच्चे भी प्रस्तुत करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

इसके अंतर्गत शाम 4 बजे से कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय गरियाबंद के बच्चों द्वारा समूह नृत्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरियाबंद द्वारा बस्तर करमा नृत्य, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद द्वारा सुआ नृत्य, सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद द्वारा छत्तीसगढ़ी समूह नृत्य, श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद के बच्चों द्वारा बस्तर परब नृत्य, उत्कृष्ट स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय गरियाबंद द्वारा सरगुजिहा करमा नृत्य एवं सेवा जोहार समूह नृत्य प्रस्तुत की जाएगी। शाम 6 बजे से सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय राजिम के दिव्यांग बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी गीतों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी प्रकार शाम साढ़े 6 बजे से आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत आश्रम छात्रावास के बच्चों द्वारा आदिवासी नृत्य, सतनामी चौका, पंडवानी गायन, पंथी गायन, भरथरी गायन, राउत नाचा, ढोला मारू, हल्बी गीत एवं करमा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

**विडंबना : जिले के मैनपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अफसरों की निगरानी नहीं**

# जल जीवन मिशन का हाल-बेहाल, घरों के बाहर एक साथ दो और तीन नल लगा दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जल जीवन मिशन योजना में पीएचई विभाग के अफसर व ठेकेदारों ने मिलकर टारगेट पूरा करने के चक्कर में कही पर भी नल कनेक्शन जोड़ दिया जा रहा है। जहां खाली जमीन है आसपास परिवार भी नहीं रहता ऐसे स्थानों में नल कनेक्शन लगा दिखाई दे रहा है।

कहीं- कहीं तो एक साथ एक ही स्थान पर दो-दो, तीन-तीन नल के स्टैंड खड़े कर टोटी लगा दिया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पीएचई के जिम्मेदार अफसरो द्वारा शायद मनिटीरिंग नहीं किया जा रहा है। तभी तो ऐसे कई स्थानों पर नल कनेक्शन दिखाई दे रहा है। जमीनी हालत को देखा जाय तो काम गुणवत्ता विहिन दिखाई दे रहा है। मैनपुर क्षेत्र के भाठीगढ़, गोपालपुर, साहेबिन कछार, मैनपुरकला, दबनई, छिन्दौला, तोपेंगा, घटौद, भैसामुड़ा कई ग्रामों में अलग-अलग ठेकेदारो द्वारा काम करने का काम करने का ठेका दिया गया है।

अलग खबर

ठेकेदार टारगेट पूरा करने के फेर में कहीं भी नल कनेक्शन लगा दे रहे है कहीं पर खेत के मेड़ों पर तो कहीं मैदान में नल का स्टेण्ड लगा हुआ है। नल की टोटियां गायब भी हो गई है जिले में जल जीवन मिशन का कार्य पूरा नहीं हुआ है विभाग के रिकार्ड में कार्य पूर्ण बताया जा रहा है।



### मांग अनुसार लगाया गया है

*कई गांव में एक ही स्थान पर तीन परिवारों द्वारा नल कनेक्शन लगाने के लिए बोलने के कारण ग्रामीणों के मांग के अनुसार लगाया गया है। गोपालपुर में ट्यूबवेल खनन किया जाना है। साथ ही साहेबिनकछार में नदी के कारण ट्यूबवेल वाहन नहीं जा पा रही है इसलिए नल जल योजना प्रारंभ नहीं हुआ है। जल्द ही प्रारंभ किया जायेगा।*

***गोपाल ध्रुव***
*सब इंजिनियर पीएचई विभाग*



### 8 माह बाद भी नलों में नहीं आ रहा पानी

ग्राम शोभा में भी जल जीवन मिशन योजना का हाल बेहाल देखने को मिल रहा है। साहेबिनकछार नागेश क्षेत्र में भी जल जीवन मिशन के तहत करोड़ो रूपये खर्च कर पानी की टंकी का निर्माण किया गया है लेकिन 8 माह बाद भी अब तक मोटर पंप नहीं डालने के कारण अभी तक घरो में पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीण कई बार शिकायत कर थक चूके हैं लेकिन विभाग और संबंधित ठेकेदार ध्यान नहीं दे रहा हैं। यही हाल गोपालपुर ग्राम पंचायत के ग्राम कोदोभाठ की है ग्रामीण परेश्वर नेगी, संगनी बाई, बंशीलाल, चैनसिंह नेताम, केशर ठाकुर व ग्रामीणों ने बताया कई बार पीएचई विभाग को जल जीवन मिशन के तहत निर्माण किए गए पानी टंकी को चालू करने की मांग कर चूके है लेकिन अब तक पानी कनेक्शन में नहीं आया। ग्राम गिरहोला, नदीपारा में भी जल जीवन मिशन के तहत सौर उर्जा टंकी प्लेट लगाया गया है लेकिन ग्रामीणों के घरों में पानी नहीं आ रहा है इसकी शिकायत यहां के ग्रामीण मैनपुर जनपद पंचायत पहुंचकर कर चूके हैं लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# बीईओ और लिपिक किए गए निलंबित

**गरियाबंद।** जिले में शिक्षा विभाग में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। कलेक्टर गरियाबंद ने हाल ही में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार मुख्य कार्य पालन अधिकारी सौंपने का आदेश जारी किया है। इस निर्णय का उद्देश्य विभाग में सुधार और कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाना है। साथ ही, विभागीय नियमों के उल्लंघन के चलते आरपी दास के अधीन कार्यरत वरिष्ठ लिपिक उदेराम साहू को निलंबित किया गया है। इस कार्रवाई की पृष्ठभूमि में, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, ब्लॉक गरियाबंद ने 25 अक्टूबर को बीईओ आरपी दास और वरिष्ठ लिपिक उदेराम साहू पर आर्थिक लेन-देन और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की थी। एसोसिएशन ने इन अधिकारियों को तत्काल हटाने की मांग की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए गरियाबंद के कलेक्टर कार्यालय द्वारा 26 अक्टूबर को एक तीन-सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। प्रारंभिक जांच में उदेराम साहू को अपने पद की गरिमा के अनुरूप कार्य न करने, आर्थिक लेन-देन में संलिप्तता और गरिमाविहीन व्यवहार का दोषी पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत उदेराम साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके मुख्यालय को कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी, मैनपुर में स्थानांतरित कर दिया है। निलंबन के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। प्रशासन का मानना है कि ये सख्त कदम विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में सहायक होंगे। इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में अनुशासन बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश गया है।



■ सीईओ गरियाबंद अमजद को मिला बीईओ का अतिरिक्त प्रभार

# घटारानी मंदिर परिसर में दिखा भालू वन विभाग ने ग्रामीणों को किया अलर्ट

**छुईहा बेलर।** पर्यटन एंव धार्मिक घटारानी मंदिर के आसपास जंगली जानवर भालू विचरण कर रहा है। नवरात्र पर्व के समय रात्रि में देखा गया था। वर्तमान में रोज मंदिर के आसपास विचरण करने की खबर आई है। रात्रि 7 बजे के बाद भालू कभी एनीकेट के आसपास एंव घटारानी मंदिर व्यवसायिक काम्प्लेक्स, निकट पार्किंग स्थल में देखा गया है। जो सीसी कैमरे में कैद हुई है। इधर वन विभाग परिक्षेत्र पाण्डुका अधिकारी ने भालू से किसी अनहोनी को टालने सतत निगरानी कर रहे हैं। निकट दिखे जाने पर घने जंगल की ओर खदेड़ते है। फिर हाल भालू द्वारा किसी को नुक्सान नहीं पहुंचाया है,जो राहत भरी है। वहीं वन विभाग द्वारा लोगों से सतर्क रहने की अपील के साथ भालू दिखे जाने पर छेड़खानी न करे और विभाग को सुचित करने कहा है।



# बेलटुकरी में मारपीट, सरपंच पति के खिलाफ मामला दर्ज

**राजिम।** राजिम क्षेत्र के ग्राम बेलटुकरी के सरपंच पति सोसल मीडिया में काफी सुर्खिया बटोर रही है। बताया जा रहा है कि 3 नवंबर की रात गांव के सुरेश साहू के साथ मारपीट किए जाने का आरोप है। इस संबंध में राजिम थाने के मुंशी ने बताया कि सुरेश साहू की रिपोर्ट पर 4 नवंबर को 11:45 बजे रामप्रकाश देवांगन के खिलाफ आईपीसी की धारा 296-115(2)-351(3)-(5) के तहत अपराध कायम किया गया है। मुंशी ने बताया कि दुर्गा देवांगन की रिपोर्ट पर 3 नवंबर की रात सुरेश साहू, मिथलेश साहू, यशवंत साहू के खिलाफ आईपीसी की धारा 296-115(2)-351(3)-(5) के तहत अपराध कायम हुआ है। इन दोनों ही मामलों में पुलिस द्वारा विवेचना की जा रही है।



# राधा-कृष्ण को लगाया गया 56 भोग...



**नवापारा-राजिम।** सेठ चतुर्भुज भागीरथ अग्रवाल परिवार द्वारा नगर को समर्पित राधा कृष्ण मंदिर में गोवर्धन पूजा के अवसर पर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। मंदिर के ट्रस्टी मोहनलाल, गोपाल, गिरधारी अग्रवाल की देख -रेख में 56 प्रकार के मीठे, नमकीन, तीखा, खट्टा मीठा, खीर,अचार, चांवल दाल, सब्जी, कढ़ी, पकौड़ी, समोसे का भोग लगाया गया। आरती के बाद भोग प्रसादी वितरण किया गया।

**तालाब का नामकरण, राजिम भक्तिन माता सरोवर के नाम से जाना जाएगा**

# राजिम का होगा चहूंमुखी विकास, मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम के वार्ड क्रमांक 15 में नव सौंदर्यकृत तालाब का नामकरण राजिम भक्तिन माता सरोवर के नाम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू थे। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने किया। विशेष अतिथि के रूप में नपा उपाध्यक्ष रेखा-कुलेश्वर साहू, पार्षद महेश यादव, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, नगर साहू संघ के अध्यक्ष भवानीशंकर साहू, पूर्व पार्षद कुलेश्वर साहू, किशन साहू, राकेश साहू मौजूद थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने कहा कि आने वाले दिनों में राज्य के सीएम विष्णुदेव साय एवं डिप्टी सीएम अरुण साव के आशीर्वाद से राजिम का चहुंमुखी विकास होगा। यहां के सभी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा। विधायक श्री साहू ने कहा कि भक्ति के शक्ति से तीन लोक के स्वामी भगवान श्री हरि विष्णु जी को प्रसन्न करने वाली राजिम भक्तिन माता के नाम से इस तालाब का नाम राजिम भक्तिन माता सरोवर रखा गया है। इसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर एवं उपाध्यक्ष रेखा-कुलेश्वर साहू सहित सभी नगर वासी बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर के प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने कहा कि इस नगर के सभी 15 वार्डों में पिछले 5 वर्षों में विकास कार्य वार्ड के पार्षदों के सहयोग से किया गया है। नगर पंचायत राजिम के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को पूरा किया गया। कहा कि वर्षों से जनता की लंबित मांगों को विधायक रोहित साहू के सहयोग से पूरा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है और आने वाले समय में भी नगर का विकास कार्य किया जाएगा। आज से यह तालाब राजिम भक्तिन माता सरोवर के नाम से जाना जायेगा। पार्षद महेश यादव ने कहा कि राजिम भक्तिन माता सिर्फ साहू समाज की आराध्य देवी नहीं है बल्कि सर्व समाज की देवी है और सर्व समाज के लोग राजिम भक्तिन माता की पूजा-अर्चना करते हैं यह हम सबके लिए गर्व की बात है।







### सामाजिक समरसता के भाव से मिलजुल कर कर रहे हैं काम

इस अवसर पर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि साहू समाज द्वारा सामाजिक समरसता के उद्देश्य को लेकर कार्य किया जा रहा है। आज इस तालाब का नाम राजिम भक्तिन माता सरोवर रखा गया है। नगर पंचायत राजिम क्षेत्र अंतर्गत और भी तालाब चौक-चौराहा एवं सार्वजनिक स्थल है जिनका नामकरण सर्व समाज के महान विभूतियों के नाम से किया जाना चाहिए ताकि सभी समाज के महान विभूतियों को सम्मान मिले। हम सब सामाजिक समरसता के भाव से मिलजुल कर सब साथ चलेंगे। कहा कि आज के इस ऐतिहासिक कार्य वार्ड के विकास एवं उत्थान के लिए सतत प्रयासरत पूर्व पार्षद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम का संचालन वेदराम साहू ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### कायस्थ समाज ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा

**रायपुर।** भाईदूज के अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा न्यू शांतिनगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का पूजा-अर्चना की गई। साथ ही रविवार को शाम 5.30 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। भगवान चित्रगुप्त के पूजन कार्यक्रम में समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह जानकारी समाज के संयोजक राजेश श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि कायस्थ समाज का दीपावली मिलन समारोह एवं विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 10 नवंबर को शाम 5 बजे से होटल प्रकाश पैलेस में होगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामप्रकाश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार वर्मा, डॉ. अविनाश, विठ्ठल श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, नितिन खरे, मंजू वर्मा, डॉ. सीमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### मातर में अखाड़ा का किया प्रदर्शन



**रायपुर।** ग्राम मटिया में मातर कार्यक्रम में अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया। विगत 30 वर्षों से इसका संचालन किया जा रहा है। मातर कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा के गृहग्राम में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि भीम वर्मा, रामचंद्र साहू, अतुल वर्मा, अखाड़ा समिति के अध्यक्ष, समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### गौरा-गौरी उत्सव आस्था का प्रतीक



रायपुर। प्राचीन दूधाधारी मठपारा के चिरंजीव तालाब में गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने शानदार आयोजन किए, जिसमें पिछड़ा वर्ग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर पहुंचे और उन्होंने कहा, गौरा-गौरी आस्था के प्रतीक हैं, भगवान शिव और पार्वती के अवतार हैं, पहले गणेशजी और दुर्गा माता की झांकी निकलती थी, लेकिन पिछले 25 वर्षों से यह परंपरा शुरू हो गई है और गौरा-गौरी की भी झांकी निकाली जाती है। इसमें विभिन्न मोहल्ले के आयोजक विसर्जन करने दूधाधारी मठपारा पहुंचते हैं। यह उत्सव मया देदे और मया लेले का त्योहार है। कार्यक्रम में पार्षद मनोज वर्मा, सतनाम सिंह, चंद्रपाल धनगर, सुमित दास, मल्लिका प्रजापति, जीवनलाल ध्रुव, गोपाल वर्मा, बजरंग धीवर आदि शामिल थे।

### दीपावली पर किया भंडारा, बांटी सामग्री



**रायपुर।** साधक परिवार द्वारा पर दीपावली के अवसर पर रविग्राम में भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे प्रार्थना, वंदना, आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पं. हेमंत शास्त्री ने इस अवसर पर भगवान की महिमा व दिवाली पर्व पर दीप की महिमा बताकर साधक परिवार के उद्देश्य को सुंदर ढंग से समझाया। कार्यक्रम में शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल महाराज की विशेष उपस्थिति रही। साधक परिवार ने जरूरतमंद परिवारों में दीये, बाती, तेल, चावल, दाल, खजूर, पोहा, आटा, मिठाई एवं वस्त्र वितरित किए गए। आयोजन में संत युधिष्ठिर महाराज,पं. हेमंत शास्त्री, शक्तिधाम के मोहन लाल तेजवानी, सिंधु शक्ति के किशोर आहूजा, भाजपा के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी, सिंधी समाज के शंकर लाल दानवानी, साधक परिवार के हरेश गोविंदानी, विजय अमरानी, मनोज गोगिया, डी. नारायण राव, यशवंत वर्मा सहित महिला मंडल की बहनें और बाल संस्कार के सेवादारी उपस्थित रहे।

# बारिश खत्म, धीमे-धीमे तापमान में गिरावट, आउटर में ठंड का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में बारिश की गतिविधि समाप्त होने के बाद रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। इसके प्रभाव से बाहरी इलाकों में हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। अभी अंबिकापुर में तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री कम हो चुका है, मगर राजधानी का पारा चार डिग्री चढ़ा हुआ है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक दिन की तुलना में रात की लंबाई में वृद्धि हो रही है, जिसकी वजह से जमीन को ठंडा होने का वक्त मिलने लगा है। इसकी वजह से रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया। माना जा रहा है कि न्यूनतम तापमान में अभी बड़ी गिरावट तो नहीं होगी, मगर कमी आने का दौर जारी रहेगा। अब तक बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की वजह से बादल छाए हुए थे और कहीं-कहीं बारिश भी हो रही थी। एक नवंबर से वर्षा की गतिविधि पर पूर्ण विराम लग गया है। इसके बाद रात के तापमान में पुनः गिरावट होने की संभावना बढ़ गई है। अभी शहर के मध्य इलाकों में वाहनों की आवाजाही अधिक होने की वजह से गर्मी महसूस हो रही है, मगर आउटर में हल्की ठंड महसूस होने लगी है। सरगुजा संभाग में सुबह के वक्त हल्की ठंड की दस्तक हो चुकी है। यहां का तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री तक नीचे जा चुका है, जबकि रायपुर समेत अन्य शहरों का तापमान सामान्य से काफी अधिक है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 23.3 जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक तथा दिन का अधिकतम तापमान 34.1 सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया है। अगले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

## अंबिकापुर में डेढ़ डिग्री कम हुआ पारा, शहर में चार डिग्री ज्यादा

### 89 साल पहले सबसे ज्यादा और सबसे कम

रायपुर में 89 साल पहले यानी 1935 में नवंबर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री 22 नवंबर को दर्ज किया गया था। इसी तरह 1935 में ही 2 नवंबर को तापमान 35.6 डिग्री दर्ज किया गया था। वर्ष 1924 को सर्वाधिक मासिक वर्षा 138 मिमी. हुई थी और चौबीस घंटे में सबसे ज्यादा 70 मिमी. वर्षा 2 नवंबर 1930 में हुई थी।



फाइल फोटो

## सब्जी विक्रेताओं को उचित मूल्य, लोगों को हरी सब्जी दिलाने की मुहिम फेल

# 1.28 करोड़ के उपभोक्ता बाजार में नहीं लौटे सब्जी उत्पादक, मंडी बोर्ड 4 साल में नहीं ले पाया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

किसानों के लिए उपभोक्ता बाजार बनवाने के बाद कृषि मंडी बोर्ड भूल गया है। किसानों से फीडबैक लिए बिना पंडरी और गंजपारा में 150 से ज्यादा दुकानें बनवा दी गईं। 6 साल पहले बाजार का शुभारंभ करवाने के बाद अब जिम्मेदार किसानों को बाजार से जोड़ने में नाकाम हैं। इससे चार साल से बाजार में सन्नाटा पसरा है। किसान बाजार में सब्जी लेकर आने का जोखिम अभी भी नहीं उठाना चाहते। इससे लोगों को किसानों से रोज हरी-सब्जी खरीदने की सुविधा भी नहीं मिल रही है।

राजधानी में कृषि उपज मंडी बोर्ड ने शासन के आदेश पर करीब 6 साल पहले पंडरी में करीब 96, गंजपारा में 60 दुकानों का निर्माण करवाने पर क्रमशः 92 व 36 लाख रुपए यानी 1.28 करोड़ खर्च किया। विगत चार साल से सब्जी बाजार वीरान पड़ा है। दोनों ही क्षेत्र में शहर के आसपास बाड़ी में सब्जी बेचने वालों को निःशुल्क बाजार देने के लिए किया गया प्रयास इस कारण भी फेल हुआ, क्योंकि कोविड के दौरान किसानों और थोक सब्जी विक्रेताओं के बीच बाड़ी से सब्जी लेन-देन का नया सिलसिला शुरू हो गया। इसे देखते हुए किसानों ने व्यापारियों को बाड़ी से ही सब्जी बेचना शुरू कर दिया। इससे सब्जी उत्पादक बाजार तक आने से बचने लगे, क्योंकि उन्हें घर बैठे उचित मूल्य मिलने लगा और गाड़ी भाड़ा भी बच रहा है। नतीजा, रोजगार देने के लिए चलाई गई मुहिम फेल होने से बाजार उजाड़ का हिस्सा बन गया है।



### सही मूल्य दिलाने की पहल

शहर के आस-पास बाड़ी में सब्जी की खेती करने वाले किसानों को कोचियों से बचाने और सही मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने बाजार बनवाया। पंडरी में बाजार शुरू होने से लोगों का अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा था। देवेन्द्र नगर, राजातालाब ,लोधीपारा, फाफाडीह सहित आस-पास के लोग सब्जी लेने पहुंचते थे। सालभर से भी ज्यादा समय तक बाजार गुलजार रहा। इस बीच कोविड शुरू हुआ व बाजार में किसानों को आने की मनाही ने उसे विरान किया। अब व्यापारियों व किसानों में लेन-देन शुरू होने से वे उपभोक्ता बाजार में नहीं आए।

### नहीं शुरू हुआ यह बाजार

रामसागर पारा, समता कॉलोनी, बढ़ईपारा सहित आस-पास के लोगों को गंजपारा में बनवाए किसान उपभोक्ता बाजार से जोड़ने के लिए निर्माण में बड़ी लापरवाही हुई। पार्किंग की स्थिति जांचे बिना बाजार बनवाने से किसानों ने वहां आने से इंकार किया। इसके चलते बाजार बनने के बाद शुरू नहीं हुआ। इसके लिए बोर्ड ने कई बार निगम से जमीन मांगा, मगर प्रक्रिया जुबानी रह गई। इससे दोनों बाजारों का बुराहाल है। गंजपारा में बनवाए गए बाजार में आस-पास कारोबार करने वाले सामान रखने लगे हैं, इसलिए भी बाजार शुरू नहीं हुआ।

### प्रभारी तय किया हैं, करेंगे प्रयास

उपभोक्ता बाजार में सब्जी उत्पादकों को वापस लाने के लिए कई बार प्रयास जारी है। इसके लिए बोर्ड ने प्रभारी भी तय किया है। उनके माध्यम से धान की कटाई के बाद एक बार फिर नए सिरे से बाजार शुरू करवाने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास किया जाएगा।

**- प्रदीप शुक्ला,** सचिव, कृषि उपज मंडी, रायपुर

### बाजार के लिए प्रभारी तय

मंडी बोर्ड ने सब्जी उत्पादकों को बाजार में वापस लाने के लिए कई बार प्रयास किया। हर बार किसानों ने बहाना करते हुए अधिकारियों को टालने का प्रयास किया। नए लोगों को बाजार में बैठाने का प्रयास भी फेल हो गया। इसके बाद बाजार शुरू हो इसके लिए बोर्ड के जिम्मेदारों ने उपभोक्ता बाजार का संचालन करने के लिए प्रभारी नियुक्त किया है। अब दावा किया जा रहा है कि धान की फसल कटाई के बाद दोनों बाजार को शुरू किया जाएगा। बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि बाजार को शुरू करवाने के लिए अंतिम बार प्रयास किया जाएगा।

## 30 हजार के पटाखे जब्त

# ट्रेन में पटाखे लेकर सफर करने वाले यात्रियों को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





■ ट्रेनों में जांच के दौरान आरपीएफ ने ज्वलनशील पदार्थ रखे यात्रियों पर की कार्रवाई

दीपावली के दौरान ट्रेन में पटाखे लेकर सफर करना यात्रियों को भारी पड़ गया। आरपीएफ ने जांच के दौरान ज्वलनशील पदार्थ के साथ सफर करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई की है।

कई यात्रियों को जानकारी नहीं होती कि ट्रेन में पटाखे लेकर सफर नहीं कर सकते। आरपीएफ ट्रेन के भीतर और स्टेशनों में लगातार यात्रियों के बैग की जांच कर रही है। इसी कड़ी में अभी तक 30 हजार से अधिक का पटाखा जब्त किया जा चुका है। प्लेटफार्म 1 के पास बेंच में एक व्यक्ति से पूछताछ करने पर बैग में पटाखा होना बताया और अपनी गलती स्वीकार की। इसके बाद धारा 164 रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर को सुपुर्द किया गया। पोस्ट प्रभारी रायपुर के आदेश पर आरोपी अनिल कुमार नागेश्वर के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

### जानकारी होने के बाद भी बैग में रखा पटाखा

प्लेटफार्म में सेफ्टी ड्राइव व जांच के दौरान एक व्यक्ति से संदेह के आधार पर पूछताछ की गई। इस दौरान एक प्लास्टिक बैग में विस्फोटक पदार्थ पाया गया। विस्फोटक पदार्थ को रेलवे में लाने और परिवहन करने के संबंध में कोई वैधानिक अधिकार पत्र की मांग करने पर प्रस्तुत नहीं कर सका और अपनी गलती स्वीकार की। आरोपी गंगेश्वर वर्मा को रेलवे अधिनियम की धारा 164 का उल्लंधन करना पाकर धारा 179 रेलवे एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया।

# बागेश्वर धाम सरकार ने योगी के बयान 'बंटोगे तो कटोगे' का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ मीडिया से चर्चा में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा

बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान बंटोगे तो कटोगे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि वे भारत को एक करने 21 से 29 नवंबर तक पदयात्रा करेंगे। इसका मकसद भारत को एक करना है। हिंदुओं को जो जात-पात, भेदभाव में बंटे हैं, उन्हें एकजुट करने पदयात्रा निकाली जाएगी, क्योंकि अब करो या मरो की बारी है।

रविवार को राजधानी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बागेश्वर धाम सरकार ने ये बातें कही। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि तुम मेरा साथ दो, मैं हिंदू राष्ट्र दूंगा। अगर हिंदू एक साथ रहेंगे, तो गैर सनातनी लोग हिंदुओं को तोड़ नहीं पाएंगे।

### अखाड़ा परिषद की मांग बहुत अच्छी

पत्रकारों से चर्चा करते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि प्रयागराज कुंभ क्षेत्र में हिंदुओं के दुकान खोलने वाली मांग का मैं समर्थन करता हूं। यह सही है कि जो लोग सनातन धर्म को नहीं मानते, वह संतों का क्या सम्मान करेंगे। उससे द्वंद्ध पैदा होगा। विदित हो, प्रयागराज महाकुंभ में गैर हिंदुओं को दुकान नहीं दिए जाने के अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष के बयान का बागेश्वर धाम सरकार ने समर्थन किया है और कहा है कि अखाड़ा परिषद की मांग बहुत अच्छी है, अति उत्तम सोच है। जब राम से तुम्हारा कोई काम नहीं है, तो राम के काम से क्या काम है।

# 146 विकासखंडों में सहायक शिक्षक 11 को सीएम के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षक अपनी पांच सूत्रीय मांग को लेकर 11 नवंबर को सभी विकासखंड मुख्यालयों में आंदोलन करेंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर लामबंद हजारों शिक्षक मोदी की गारंटी लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा, संजय शर्मा ने कहा कि सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान किया जावे। इसके साथ ही समतुल्य वेतनमान में 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है, जिसके तहत आंदोलन के पहले चरण में 4 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया गया। दूसरे चरण में 24 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन और रैली निकालकर शासन का ध्यान सहायक शिक्षकों के लंबित मांग की ओर आकर्षित कराया गया। इसी कड़ी में 1 नवंबर राज्य स्थापना के दिवस प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार की मांग करने अनोखा प्रदर्शन किए। अब 11 नवंबर को प्रदेश के 146 विकास खंड में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। इसी तरह 12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा। 25 नवम्बर को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांग पत्र देंगे।

### प्रमुख मांगों पर एक नजर

- वेतन विसंगति दूर करने की मांग।
- पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित कर, भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे।
- सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश जारी हो।
- शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 फीसदी महंगाई भत्ता देने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियस राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में करने की मांग।

# ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग आज, मॉकपोल कर होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ निर्माता कंपनी के इंजीनियर देंगे प्रेजेंटेशन

रायपुर नगर दक्षिण के लिये होने वाले आगामी विधानसभा उप चुनाव में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। मतदान के लिये मशीनों को तैयार करने के क्रम में मशीनों की कमीशनिंग का कार्य मंगलवार प्रातः 10 बजे से प्रारंभ कर दिया जायेगा, जिसकी सूचना रिटर्निंग आफिसर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 जिला रायपुर द्वारा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को दी गई है।

मशीनों के कमीशनिंग का कार्य सेजबहार स्थित ई-ब्लाक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में किया जावेगा। मतदान हेतु मशीनों को तैयार करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिये निर्माता कंपनी मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद के इंजीनियर नियत तिथि के एक दिवस पूर्व रायपुर पहुंचेंगे। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के कमीशनिंग की प्रक्रिया में मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद के इंजीनियरों द्वारा सभी वीवीपैट मशीनों में सिंबल लोडिंग की जायेगी। सभी मशीनों में एक मत डालकर तथा रेण्डम रूप से चुने गये 5 प्रतिशत मशीनों पर 1000 मत डालकर मॉकपोल किया जायेगा।




### प्रत्याशी अवलोकन के लिए उपस्थित हों- कंगाले

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा विधानसभा चुनाव रायपुर नगर दक्षिण में चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों से अपील की गई है कि वे कमीशनिंग की प्रक्रिया के अवलोकन के लिए नियत तिथि व समय पर उपस्थित रहकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कार्य प्रणाली और इसकी निष्पक्षता के संबंध में पूरी तरह आश्वस्त हों।

### बुर्जुग और दिव्यांग मतदाता इस दिन करेंगे मतदान

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए 85 से अधिक उम्र के बुजुर्गों एवं दिव्यांग 5 एवं 6 नवंबर को मतदान कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने कहा, उप निर्वाचन के दौरान पूरी पारदर्शिता बरती जाएं। कोई भी मतदाता अपने मतदान के पूर्व पहचान पत्र अनिवार्य रूप से रखें। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है।

# लभांडी की पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने स्मार्ट सिटी से मिलेगा फंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल आउटर वार्ड के रहवासियों को पीने का साफ पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। अमृत मिशन के तहत लभांडी में बनाई गई नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने रायपुर स्मार्ट सिटी नगर निगम को फंड उपलब्ध कराएगी।

इस संबंध में नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी को भेजे गए पत्र को संज्ञान में लेते हुए अब इस प्रस्ताव को रायपुर स्मार्ट सिटी के संचालक मंडल की बैठक में चर्चा के लिए रखा जाएगा। बोर्ड आफ डायरेक्टर की स्वीकृति मिलते ही लभांडी सहित आसपास के रहवासियों को नई पानी टंकी से बारहों महीना पीने का शुद्ध पानी बिना किसी दिक्कत के उपलब्ध होने लगेगा। नगर निगम ने जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर गांव में रहवासियों को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने लभांडी और फुंडहर में 2 नई टंकी बनाई है, पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए पैसे नहीं हैं।



- स्मार्ट सिटी ने निगम के भेजे पत्र पर लिया संज्ञान
- बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में होगा निर्णय
- डेढ़ साल से अटका काम

डेढ़ साल से यह काम अटका हुआ है। ऐसे में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, पर डेढ़ साल बीतने के बाद इसकी मंजूरी नहीं मिली। दोनों गांव के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

### स्मार्ट सिटी से मांगा है फंड

नगर निगम के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा के मुताबिक अमृत मिशन के तहत लभांडी में बनाई गई नई पानी टंकी से जल आपूर्ति शुरू कराने रायपुर स्मार्ट सिटी से आवश्यक राशि की मांग की गई है। इस संबंध में पत्र लिखा गया है, जिसे क्लीयर कर बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। इसकी मंजूरी मिलने पर लभांडी पानी टंकी से राइजिंग लाइन को जोड़ने और नई पाइप लाइन बिछाने का 90 फीसदी काम पूरा हो जाएगा। वहीं फुंडहर में नवनिर्मित पानी टंकी को शुरू करने वित्त आयोग मद से राशि की मांग की जाएगी।

# हनुमान मंदिर में पूजा पाठ, प्रसाद वितरण भी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर बुद्धेश्वर चौक पर शनिवार को हनुमानजी का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। साथ ही मंदिर के महंत राजेश शर्मा ने छत्तीसगढ़ की सुख-शांति, समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

इस मौके पर श्री शर्मा ने बताया कि कार्तिक शुक्लपक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा का पर्व विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण और गोमाता को समर्पित है, इसलिए इसमें श्रीकृष्ण और गायों की पूजा होती है। इसी दौरान अन्नकूट गोवर्धन के साथ ही गोमाता की पूजा की गई। गाय को खिचड़ी बनाकर खिलाई एवं प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### बाइक को टक्कर मारा, एक घायल

**महासमुंद**। घरेलू काम से पिरदा जा रहे एक व्यक्ति की बाइक को एक दूसरे बाइक चालक ने ठोकर मार दी। पुलिस ने बताया कि पदुमलाल साव निवासी ग्राम पुरूषोत्तमपुर 20 अक्टूबर को बाइक सीजी 06 जीएस 2427 से घरेलू काम से ग्राम पिरदा जा रहा था। शाम करीबन 05 बजे भीखापाली दास फैंसी स्टोर के पास पहुंचने पर विपरीत दिशा से आ रहे मोटर सायकल सीजी 06 जीडब्लू 4237 के चालक दीपेश उर्फ त्रिलोचन साहू निवासी ग्राम ताला ने अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए प्रार्थी की बाइक को सामने से टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद गिरने से प्रार्थी घायल हो गया। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सोना-चांदी चमकाने के नाम पर महिला से ठगी

**महासमुंद**। सोने-चांदी के जेवर चमकाने के नाम पर जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम पितईपाली में एक महिला ठगी की शिकार हो गई। आरोपियों ने महिला को झांसा देते हुए मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पितईबंद में सुबह करीबन 8 बजे बाइक से दो लोग रूकमणि चौधरी के घर पर आए और उन्होंने कहा कि वे लोग पुराने सोने-चांदी जेवर को साफ करते हैं और कहा कि सोना हो तो चमका कर सैंपल दिखा देंगे। उनके झांसे में आकर महिला ने अपना सोने का मंगलसूत्र करीबन 8 ग्राम साफ करने दे दिया। जिसे एक आरोपी ने प्लास्टिक पैकेट में डाला व पैकेट में पाऊडर डालकर साफ करता हूं कहकर अपने पास रख लिया। कुछ समय बाद उन लोगों ने महिला को प्लास्टिक का पैकेट को वापस किया और वे लोग वहां से चले गये। शंका होने पर महिला ने कुछ देर बाद प्लास्टिक के पैकेट को खोलकर देखा तो उसे में 4 नग पत्थर के टुकड़े थे। पुलिस ने महिला के पति की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5), 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### चोरी की कोशिश के चलते एटीएम और सीसीटीवी में तोड़फोड़

**महासमुंद**। रविवार और सोमवार की दरमियानी रात पिथौरा के पुरानी कन्या शाला के पास स्थित एसबीआई एटीएम में चोरी की नीयत से तोड़फोड़ की घटना प्रकाश में आई है। बताया जा रहा है कि अज्ञात आरोपियों द्वारा एटीएम मशीन के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया, ताकि उनकी पहचान ना हो पाए। घटना के तुरंत बाद पिथौरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। तकनीकी सबूतों और सीसीटीवी फुटेज की सहायता से एक संदेही को गिरफ्त में लिया गया और कड़ाई से पूछताछ करते हुए दूसरे आरोपी को भी ढूंढ निकाला गया है। सूत्रों के अनुसार दोनों आरोपी समीपस्थ ग्राम राजासैवैय्या के हैं।

## पेज 9 के शेष

### राज्योत्सव समारोह आज...

दिए। कलेक्टर ने जिला स्तरीय राज्योत्सव के भव्य आयोजन के लिए दिये गये दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

**नितिन दुबे का कार्यक्रम रहेगा मुख्य आकर्षण**

राज्योत्सव में कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक नितिन दुबे स्टार नाइट रहेगा। उनके द्वारा शाम 8 बजे छत्तीसगढ़ी एवं भक्ति गीत संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी प्रकार शाम 7 बजे शारद अग्रवाल भी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति शाम 4 बजे शुरू होगी। शाम 5 बजे मुख्य कार्यक्रम अंतर्गत अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

विड़बना : राज्य निर्माण के 24 वर्षों बाद भी पुलिया के लिए संघर्ष कर रहे क्षेत्रवासी

# पुल-पुलिया के अभाव में ग्रामों तक नहीं पहुंच रही हैं मूलभूत सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दुरस्त वनांचल ग्रामों में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 24 वर्षों बाद भी पुल पुलिया के अभाव के कारण आज भी हजारो ग्रामीण मूलभुत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। गांव में पहुंचने के लिए पुल पुलिया नहीं होने के कारण जहां एक ओर सड़क बिजली स्वास्थ्य, शिक्षा चिकित्सा जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बारिश के चार माह दर्जनों ग्रामों का सम्पर्क ब्लाक मुख्यायल मैनपुर से कट जाने से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं भी समय पर नसीब नहीं हो पाता। ऐसा नहीं कि क्षेत्र के लोगों ने पुल पुलिया की मांग न किया हो पुल पुलिया पक्की सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्र की जनता पिछले तीन दशको से आन्दोलनरत है। क्षेत्र के लोगों को छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद उम्मीद जगी थी कि अब पुल पुलिया का निर्माण कार्य तेज गति से होगा और गांवों तक विकास की रौशनी पहुंचेगी। लेकिन आज भी ग्रामीण पुल पुलिया के मांगो को लेकर आए दिनों ब्लाक मुख्यालय मैनपुर से लेकर जिला मुख्यालय गरियाबंद तक समय-समय पर आन्दोलन करते रहते है लेकिन अब तक स्थाई समाधान नहीं हुआ है।

### एप्रोच मार्ग का भी नहीं किया जा सका निर्माण

तहसील मुख्यालय से लगे ग्राम मैनपुरकला के टूटे पुल की हालत 15 वर्षों बाद भी नहीं सुधर पाई। जब कि इस टूट चुके पुल के जांच कराने और दोषियो पर कार्रवाई करने सहित नया पुल निर्माण की मांग को लेकर मैनपुर कला सहित पांच गामों के सैकड़ों ग्रामीणों ने जहां कई बार धरना प्रदर्शन और तो और मैनपुर से गरियाबंद तक पदयात्रा कर कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर नया पुल निर्माण की मांग कर थक चुके है, लेकिन अब तक पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। विभाग द्वारा नया पुल निर्माण बहुत दूर की बात टूटे हुए पुल के बगल से एप्रोच मार्ग भी नहीं बनाया गया है जिसके कारण लोग आए दिनो दुर्घटना के शिाकर हो रहे है। इस संबंध मे पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर, युवा नेता तनवीर राजपूत, गज्जू नेगी, राकेश ठाकुर,टीकम यादव सुधीर ठाकुर,सहित ग्रामीणो ने बताया कि 15 वर्ष हो गया पुल को टूटकर बहे लेकिन अब तक नया पुल निर्माण तो बहुत दूर मरम्मत भी नहीं किया जा सका है।



### अब तक प्रारंभ नहीं हुआ निर्माण कार्य

जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम ने बताया पिछले तीन दशक से राजापड़ाव



गौरगांव क्षेत्र के लोग पुल निर्माण को लेकर आन्दोलन कर रहे हैं। हर बार अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया जाता है लेकिन अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। पुल पुलिया निर्माण नहीं होने के कारण क्षेत्र में बिजली स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सुविधाए नहीं पहुंच पा रही हैं।

### स्वीकृत होने के बावजूद टेंडर प्रक्रिया नहीं

कई ग्रामों में पुल पुलिया निर्माण टाईगर रिजर्व क्षेत्र में गांव होने के कारण नहीं हो पा रहे है तो कई पुल पुलिया निर्माण के लिए लाखो करोड़ों रूपये स्वीकृत होने के बावजूद टेंण्डर प्रक्रिया के कारण पुल पुलिया का निर्माण कार्य प्रारंभ भी नहीं हो पाया है मैनपुर क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव इलाके के अड़गड़ी, जरहीडीह, शोभा, बाघ नदी में पुल निर्माण के लिए करोड़ों रूपये स्वीकृत होने की बात कही जाती है लेकिन अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

### मैनपुरकला पुल का टेण्डर खुला

लोक निर्माण विभाग सेतु निगम के एसडीओ श्री पंडोले ने कहा की मैनपुरकला पुल का टेण्डर ओपन हो गया है। रेड खुलाना बाकि है सुखा नदी अमलीपदर पुल भी टेण्डर में है बाकि जगह निर्माण कार्य बंद पड़ा है।

# कृष्ण लीला मंचन का हुआ समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा

ग्राम सुरसाबांधा में बाल समाज लीला मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में रात्रिकालिन त्रिदिवसीय श्री कृष्ण लीला का मंचन गुरूवार 31 अक्टूबर से गांधी चौंक में आयोजित किया गया। अंतिम दिवस 3 नवंबर को नाग लीला का नाट्य मंचन किया गया।

कार्यक्रम को उपस्थित अतिथि गणों व दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लीला मंडली के मालिक गौतम साहू उपसरपंच सुरसाबांधा व मैनेजर गिरवर साहू, सदस्य गण मदनलाल साहू, अश्वनी कुमार साहू, चनद्रिका प्रसाद सेन, शिक्षक द्वय मानिक राम साहू, योगेश्वर साहू, जितेन्द्र कुमार साहू, खुबलाल साहू, अनंदा नगारची सहित ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। वहीं कार्यक्रम का निर्देशन नंदकुमार साहू ने किया।

### परतेवा में लक्ष्मी माता की मूर्ति की पूजा की गई

सुरसाबांधा। ग्राम परतेवा में दीपावली के अवसर पर मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापना कर तीन तक दिनों लगातार पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर उत्तम ध्रुव, डॉक्टर तोरण सेन, पुनउ राम तारक, पीलू राम वर्मा सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# बहनों ने भाई के माथे पर लगाया रोली का तिलक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व भाई दूज रविवार को रसेला सहित अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहन रिया, पिहु, उमंग, साक्षी, श्रद्धा,चेतना ,नंदिनी ने भाई , परमेश्वर,विनय ,निखिल ,नीलेश ,राहुल आर्यन, जयश ,धर्मेश ,योगेश ,कृष्णेश, युवराज के माथे पर तिलक लगाकर उनके दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन लिया।

### एक ही वार्ड निवासी दो शिक्षकों के घर चोरी

**महासमुंद**। जिले के बसना थाना क्षेत्र के एक ही वार्ड में निवासरत दो शिक्षकों के निवास को चोरों ने निशाना बनाया है। पुलिस ने मामले में शिक्षकों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामला दर्ज किया है।

बसना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 11 सांई विहार निवासी व व्याख्याता गजानंद भोई पिता पारेश्वर भोई (50 साल) दीपावली पर्व पर 1 नवंबर को अपने परिवार सहित शाम 5 बजे मकान में ताला लगाकर ससुराल बरगढ़ ओडिशा गए हुए थे। अगले दिन सुबह 9 बजे पड़ोस के कुलेश्वर साहू ने शिक्षक को फोन कर बताया कि आपके मकान के दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। 2 नवंबर की शाम करीबन 4 बजे जब प्रार्थी अपने मकान साई विहार बसना पहुंचा तो देखा कि घर कमरा का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। कमरे के अंदर रखी आलमारी भी खुली थी। जिसमें से एक जोड़ी ईयर रिंग सोने का एक जोड़ी पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 6644 रुपए एवं एक जोड़ी चांदी की पायल कीमत 5000 रुपए कुल कीमत 11,644 रुपए नहीं थे। इसी तरह चोरी के दूसरे मामले में प्रार्थी व सहायक शिक्षक नरेंद्र डडसेना पिता मुकुंद डडसेना (41 साल) निवासी वार्ड नंबर 11 साई विहार ने पुलिस को बताया कि दीपावली पर्व पर वह एवं उसका परिवार 31 अक्टूबर के सुबह 9 बजे अपने मकान में ताला लगाकर अपने गृह ग्राम पुरगांव बिलाईगढ चले गए थे। अगले दिन सुबह 9 बजे पड़ोस के प्रकाश साहू ने फोन कर बताया कि आपके मकान के दरवाजा का ताला टूटा हुआ है।

# देवगांव में बालिकाओं ने दी सुआ नृत्य की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटसिवनी (पिपरहट्टा)

देवगांव में दीपावली के शुभ अवसर पर गोवर्धन पूजा के दिन सुआ नृत्य का आयोजन रखा गया था। जिसमें गांव के छोटी-छोटी बालिकाओं ने खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोक पारंपरिक गीतों पर जोरदार प्रस्तुति दिया और बच्चियों ने अपनी प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी। युवतियां सुआ नृत्य की पारंपरिक वेशभूषा से सज्जित, मोर पंख की कलगी एवं कौड़ी पटिया लगाकर सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन चोवाराम पहाड़ियां के द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को आयोजक समिति के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान तिजराम कमार, आनंद सिन्हा, बेदलाल साहू, रामाधार साहू, अमर सिंह साहू, गंगाराम साहू, बसंत पहाड़िया, रेंजर कमार, जितेंद्र साहू, शंकर साहू, लालजी साहू, राकेश कमार, गेंद कमार एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।

# समता एक्सप्रेस को हरिद्वार तक चलाने के लिए सौंपा गया ज्ञापन

**महासमुंद**। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक के पदाधिकारियों, सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर विशाखापट्टनम -निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस (12807/ 12808) को हरिद्वार (उत्तराखंड) तक चलाने की मांग को लेकर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि हरिद्वार से पूरे भारत में चारों धाम की यात्रा करने वालों का प्रवेश द्वार है। यहां सभी प्रदेशों से लाखों तीर्थयात्री एवं शिक्षणार्थी लगातार आते रहते हैं। आंध्रप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र,



उत्तरप्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड आदि प्रांतों से तीर्थयात्रा एवं आध्यात्मिक प्रशिक्षण सत्रों हेतु हरिद्वार तक यात्रा करते हैं। यहां तक सीधी रेल सेवा नहीं होने के कारण अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा है कि समता एक्सप्रेस जो विशाखापट्टनम से चलकर निजामुद्दीन 18.10 बजे आती है जो पूरे 13 घंटे निजामुद्दीन स्टेशन रूककर दूसरे दिन 7 बजे रवाना होती है। चूंकि, निजामुद्दीन हरिद्वार तक डबल लाइन एवं विद्युतीकरण हो चुका है। इसलिए उक्त ट्रेन को आगे ले जाने में असुविधा नहीं होगी। रेल प्रबंधन इस ट्रेन को हरिद्वार तक चलाता है तो आंध्रप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड आदि प्रांतों के लाखों तीर्थयात्रियों को लाभ मिलेगा और रेलवे को अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। ज्ञापन सौंपने




# लोककला लोकरूचि ने दी मनमोहक प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा

बेलर मातर महोत्सव समिति के तत्वावधान में रविवार को मातर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आसपास के युवक- युवतियों ने रंगारंग सांस्कृतिक लोकरूचि छत्तीसगढ़ी लोक कला की प्रस्तुति दी। पहली बार की प्रस्तुति ने दर्शकों को रात भर गीत संगीत, हास्य प्रहसन से मनोरंजन किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सरपंच बेलर डॉक्टर टायल साहू, उपसरपंच धनेश्वरी साहू, पत्रकार भागीरथी सिन्हा, कार्यक्रम संयोजक परिक्षेत्र अध्यक्ष साहू समाज बेलर जिलाध्यक्ष सचिव संघ गरियाबंद प्रवीण साहू, भाजपा नेता तुलाराम साहू, खोमन साहू, घनश्याम ध्रुव, देवेंद्र ध्रुव, खेमन साहू, रवि साहू, जितेंद्र साहू, अखिल साहू, अनिल साहू, सजेश साहू, विकास साहू, अंकु दादा, कुलदीप सिन्हा, कुलदीप ध्रुव, कमल रात्रे, धनेश धृतलहरे, फ़त्तेलाल साहू, भुनेश्वर साहू, सौरभ साहू, डिगेश गुप्ता, पीताम्बर यादव, भूपेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अशोक ने लिखा गृह मंत्री को पत्र



**राजिम।** रायपुर में अधिकारियों द्वारा जाति सूचक गाली दिए जाने पर मानसिक रूप से प्रताड़ित होने पर एक ब्राह्मण युवक को सुसाइड जैसे आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा। इसकी निंदा करते हुए नवदीप जनकल्याण सेवा समिति नगर विकास मंच राजिम के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने गृह मंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर उन पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है ताकि भविष्य मे ऐसी घटना की पुनरावृति न हो।

### भोजलाल ध्रुव का एसआई में चयन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** आदिवासी ध्रुव गोड़ पोडेटी परिवार ग्राम जरगांव निवासी भोजलाल ध्रुव का एसआई में चयन हुआ है। पढ़ाई लिखाई में होशियार होने के साथ ही साथ खेलकूद में भी दक्ष भोजलाल बचपन में पिता गजेश्वर ध्रुव के देहावसान होने के बाद दादा शिवदर्शन ध्रुव के पास रहते हुए अपनी मंजिल में कामयाब हुए। महासमुंद में डिग्री लेने के बाद रायपुर में रहकर पढ़ाई करते हुए एसआई में चयन हो गया। अपने कामयाबी का श्रेय उन्होंने अपने दादा शिवदर्शन ध्रुव जो आदिवासी समाज के संरक्षक समाज प्रमुख हैं को दिया है। साथ ही उनकी दादी देशबाई मां रमेशरी ध्रुव का आशीर्वाद से आगे बढ़ें है। ग्राम के लिए भी यह बड़ी गर्व की बात है उनसे अनेक युवा प्रेरणा लेंगे। उनकी कामयाबी पर विन्द्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव ने भी शुभकामनाएं प्रदान किए हैं। खिलेश्वरी ध्रुव जनपद सदस्य, सरपंच नीलम ध्रुव,प्रेम ध्रुव, खूबलाल ध्रुव,शीतल ध्रुव समाजसेवी, पुनीत ठाकुर, मनोज पटेल, चिन्ता राम, हीरा सिंह ध्रुव पूर्व सैनिक, मदन ध्रुव, नारायण, नरोत्तम ध्रुव, तिलक राम, भारत ध्रुव, विनोद साहू, कपिल, बसंत ध्रुव, कीर्तन ध्रुव, माधव लाल ध्रुव, कन्हैयालाल मिश्रा, लोकनाथ साहू, हेमलाल साहू, बली राम, लिमेश साहू, दानी राम, प्रेमनारायण ध्रुव, कन्हैयालाल यादव, कांति लाल, तुलस राम, बाबूलाल ध्रुव, पुरूषोत्तम ध्रुव, रुपसिंह विश्वकर्मा, राज, प्रभु ध्रुव, तेजराम ध्रुव पत्रकार आदि है।

### नाचने-गाने को लेकर कौंदकेरा में मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कौंदकेरा में नाचने गाने को लेकर हुए विवाद के दौरान मारपीट की घटना हो गई। पुलिस को प्रार्थी बसंत कुमार यादव निवासी कौंदकेरा ने बताया कि 2 नवंबर को दीपावली त्यौहार मना रहे थे। रात करीब 9.15 बजे वह अपने घर के सामने में था। इसी दौरान गांव के कन्चू यादव, हेमंत यादव, चम्मन यादव और मुकेश यादव नाचने-गाने की बात को लेकर कामता यादव एवं लोकनाथ यादव के साथ डंडा से मारपीट कर गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें गाली देने से मना किया। इस पर आरोपियों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट शुरू कर दी।

## विडंबना : कलेक्टर के आदेश का नहीं हो रहा पालन

# रात होते ही सड़कों के बीच घूमते मवेशी वाहन चालकों के लिए बने रहते हैं खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम की सड़कों पर मवेशियों का राज हो गया है। इन मवेशियों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है मगर इस पर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है। एक साथ जगह-जगह झुंड में खड़े मवेशी गाड़ियों को देखकर भी टस से मस नहीं होते। हाइवे 130 पर राजिम शहर है। इस शहर के बीच से रायपुर-उड़ीसा-देवभोग-गरियाबंद मार्ग गई है। लंबे रूट होने की वजह से पूरे चौबीसो घंटे बड़ी संख्या में गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है।

पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल से लेकर साई मंदिर- चौबेबांधा मोड़ तक 50 से सौ-सौ की संख्या में झुंड के झुंड में बरदी के समान ये मवेशी खड़े रहते है। इनका पहला प्वाइंट कुलेश्वर मेडिकल स्टोर्स पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक के सामने, दूसरा प्वाइंट फारेस्ट नाका, तीसरा प्वाइंट संगम पेट्रोल पंप के सामने, चौथा प्वाइंट सुमित भोजनालय पंडित सुदरलाल शर्मा चौक, पांचवा प्वाइंट सुनील देवांगन के होटल के सामने, छठवां प्वाइंट गोवर्धन चौक शर्मा टेंट हाऊस के सामने और सातवां प्वाइंट पुरान नल टंकी हटरी के सामने से लेकर दत्तात्रेय मंदिर मोड़, कौर हास्पिटल व साई मंदिर सड़क के सामने रहता है।





मवेशियों को जानबूझकर सड़कों पर छोड़ने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

पशुओं को खुले में न छोड़ने ग्रामीणों को बैठक में दी जायेगी समझाइश

सड़कों में पशुओं के दिखने पर तत्काल कार्रवाई करें

### वाहन चालक हो रहे घायल

10 अक्टूबर को कलेक्टर द्वारा इस बैठक में दिए गए आदेश का जरा भी असर न तो नगरीय निकायो में हुआ है और न ही किसी भी ग्राम पंचायत में। लगता है कलेक्टर के आदेश को नगरीय निकाय के सीएमओ और ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिवो ने कोई तव्वजो नहीं दिया है। आज हालात ये है कि सड़को पर जगह-जगह मवेशी, रात-रात भर खड़े रहते है। कम रोशनी में चलने वाले गाड़ियो को ये दिखाई नहीं पड़ते इससे दुर्घटनाएं हो जाती है। बाइक सवार तो आए दिन इनके वजह से गिरकर अपना हाथ-पैर तुड़वा रहे है, चोटिल हो रहे है।

### हार्न बजाने के बाद भी टस से मस नहीं होते मावेशी

जमघट में खड़े ये मवेशी इतने डिट्ठ हो गए है कि चाहे गाड़ी बड़ी हो या छोटी कितनों ही हार्न बजा ले लाइट के चकाचौंध रोशनी दिखा ले मगर टस से मस नहीं होते। मवेशी कुछ ही क्षण में फिर सड़क पर अपने डेरा जमा लेते है। बता दें कि गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने 10 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक सड़को में घुमंतु पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली थी। इस बैठक में आवारा पशुओं के नियंत्रण के लिए बनाए गए संयुक्त दल के सदस्यगण शामिल भी हुए थे। कलेक्टर ने बैठक में साफ-साफ कहा था कि पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की बचाव के लिए न केवल विशेष अभियान चलाया जाए बल्कि जानबुझकर अपने मवेशियो को सड़को में आवारा घुमने के लिए छोड़ने वाले पशु मालिको पर भी कार्रवाई किया जाए। इतना ही नहीं उन्होने इस बैठक में कहा था कि नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतो में जाकर आमजनो तथा पशु पालको की बैठक लेकर उन्हें आवारा एवं पालतु पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में जानकारी देकर अवगत कराएं। पशुओं को सड़क पर नही छोड़ने के संबंध में जागरूक करें। आदेश का पालन नहीं करने पर वैधानिक कार्यवाही के संबंध में अवगत कराएं। पंचायत वार पशु पालकों को सूचीबद्ध करें साथ ही आवारा पशुओं को चिन्हांकित कर सूचीबद्ध करे।

# परसदा में धूमधाम से मनाई गई दीपावली



**नवापारा-राजिम।** परसदा में दीपावली हर्ष के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धनतेरस के दिन मिट्टी के तेरह दीप जलाकर भगवान धनवंतरी की पूजा की गई। दूसरे दिन नरक चौदस के अवसर पर ग्रामवासियो के द्वारा प्रातः स्नान कर यमदेव की पूजा- अर्चना की गई। लक्ष्मी पूजा के दिन घरों में रंगोली सजा लक्ष्मी पूजन कर दीपावली की शुभकामनायें दी। लक्ष्मी पूजन के पश्चात देर रात तक गौरा -गौरी वाले कलशा परघाने बाजे-गाजे के साथ घर-घर जाकर दिए, तेल एवं कलशा एकत्र की। उसके बाद मिट्टी के बनाए गए गौरा -गौरी को गौरा चौक में स्थापित कर उनकी विधिवत पूजा अर्चना की गई। सुबह बाजे-गाजे के साथ तालाब में विसर्जन किया गया। लोग अपने-अपने घरों में गाय एवं बैलों को खिचड़ी खिलाकर पूजा किए। इस दौरान रावत बंधुओ द्वारा गायों को सोहई बाँधने का कार्य घूम-घूमकर किया गया। शाम होते ही समस्त ग्रामवासी साहड़ा चौक पर एकत्र होकर गोवर्धन पूजा कर एक दूसरे को गोबर का टीका लगाकर बधाई देते हुए अपने से बड़ों का आशीर्वाद लेते हुए भाईचारे का परिचय दिया। भाई दूज के दिन बहन अपने भाइयों के मस्तक पर मंगल टीका लगाकर उनके आरती उतारते हुए अपने भाइयों के लिए दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### भेण्डरी में मातर और सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवापारा-भेण्डरी। भेण्डरी में मातर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एकल नृत्य व सामूहिक नृत्य बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। बच्चों को प्रोत्साहन हेतु नगद राशि भेंट किया गया। कार्यक्रम में नंदकुमार साहू, राधेश्याम साहू, सरपंच प्रीतराम देवांगन, घनश्याम साहू, गिरीश साहू, ग्रामीण अध्यक्ष कोमल सिन्हा आदि मौजूद थे।

# यादव समाज हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजे हुए हैं : साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्रामीण क्षेत्रों में भाई दूज मातर महोत्सव शांति पूर्ण माहौल में उत्साह पूर्वक धूमधाम से 3 नवंबर को मनाया गया। ग्रामपंचायत पीपरछेड़ी (जतमईगढ़) में समस्त ग्रामवासी एवं यादव समाज के तत्वावधान में भाई दूज के शुभ अवसर पर मातर महोत्सव स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। ग्राम सरपंच नीरा बिसहत राम ध्रुव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा युवा नेता रूप सिंग साहू रहे।जनपद सदस्य द्वय नीलकंठ सिह ठाकुर एवं सुश्री खिलेश्वरी ध्रुव, उपसरपंच गोविंद राम यादव, तेजस्वी यादव, ग्राम पटेल बाबू लाल, ग्रामीण अध्यक्ष शुकलाल मरकाम, पंच गण सभी ग्रामीण समाज प्रमुखों की विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम संम्पन हुआ। रंग बिरंगी वेश भूषा में सजे यादव समाज के युवा व बच्चो की टोली ने बाजे-गाजे के साथ राउत नृत्य करते ग्राम भ्रमण कर, ग्रामीण देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर साथ लिए मातर महोत्सव स्थल सहाड़ा देव स्थल गोठान पहुंचे। जहां खूब आतिशबाजी करते राउत नृत्यों के साथ देवी देवताओं की पूजा अर्चना किये। मुख्य अतिथि रूप सिंग साहू ने कहा कि हमारी छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परम्परा, को संजोकर रखे यादव समाज, इस मातर महोत्सव में सभी, जाती समाज, धर्म, वर्ग को लेकर आपसी चारा के साथ मिल जुलकर त्योहार मनाने का संदेश देते है। उन्होंने युवाओं से कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास हो इस सोच को लेकर कार्य करे, जिसके लिए वह हमेशा सहयोग के लिए तैयार है। वहीं विशेष अतिथि नीलकंठ सिंह ठाकुर ने मातृशक्ति को मातर उत्सव की प्रेरणा कहा। उन्होंने बताया कि हमारा भारत, हमारी छत्तीसगढ़ के लोग मातृत्व शक्ति की उपासना करते है।जिसकेकारण अपनी धरनी को मां व महतारी की दर्जा देते है। ग्रामवासियो ने अपनी समस्याओं को सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू के पास रखे जिसका समाधान करने की बात कही। उन्होंने बाल गोविंद राउत नृतक बच्चों को पुस्कृत किये। मंच का संचालन शिक्षक दीनबंधु ध्रुव ने किया।

- जतमईगड पीपरछेड़ी में मनाया गया मातर महोत्सव



# अहाता निर्माण पूरा, जिपं अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम ध्रुर्वागुड़ी गायत्री मंदिर के पास सामुदायिक भवन अहाता निर्माण कार्य का पूर्ण होने पर आज जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच रामप्रसाद नेताम, रूपचंद नेताम, यशवंत मरकाम, श्याम ध्रुव, डमरू ध्रुव, प्रताप सिंह साडिल्य, टीकम पटेल, ओमप्रकाश पटेल, सोनू सिन्हा, भावना बारिक, खेमा सिन्हा व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद ने मनाया दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

बजरंग दल एंव विश्व हिंदू परिषद, भाजपा एवं ग्राम देवगांव के वरिष्ठों ने दीपावली पर्व पर दीपोत्सव मनाया गया। सुरेश साहू एंव सरपंच ओमप्रकाश साहू देवगांव के नेतृत्व में भगवा चौक, बजरंग चौक, शिव मंदिर में 251 दीप जलाकर कर दीपोत्सव पर्व मनाया गया। दीपावली पुर्व में इन्होंने गांव की साफ-सफाई भी की थी। भगवा चौक देवगांव में दीप प्रज्ज्वलित कर हनुमान चालीसा की समुह में पाठ वाचन किया। इस मौके जय जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हूआ। सरपंच चरभट्टी ओमप्रकाश साहू देवगांव, सुरेश साहू ने कहा की इस वर्ष की दीपावली का त्योहार भारत और सनातनी हिन्दुओं के साथ सभी के लिए बेहद खास है। सदियों के लंबे इंतजार के बाद भगवान श्रीराम अपने धाम में विराजे हैं। सनातनियों के लिए यह दीपावली अपार खुशियां लेकर आई है।




दीपावली उत्साह, उमंग, असत्य पर सत्य की जीत और समृद्धि का त्योहार है। दीपोत्सव के मौके पर सरपंच ओमप्रकाश साहू, पूर्व सरपंच संगीता साहू, सुरेश कुमार साहू, उदय राम साहू, भुवन साहू, राजू साहू, टुकेश्वर साहू, झामिन साहू, झरना साहू, लिसा साहू, हुलसी साहू, तनवी साहू, धनेश्वरी साहू, गंगादीन साहू, सियाराम साहू रूपेश साहू, तामेश्वर मतावले, देवशरण साहू, जिला कांग्रेस महामंत्री रोहित साहू, डॉक्टर राजू साहू, भीषम नागरची, टिकेश्वर साहू, मलेशु साहू, रूपेश साहू, बेनु साहू एवं समस्त ग्रामवासी देवगांव उपस्थित थे।

# एसआई पद पर चयन होने पर गोंड़ समाज ने किया सम्मानित

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज अखिल भारतीय अमात गोड़ समाज भाठीगढ़ राज द्वारा आदिवासी समाज भवन में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मैनपुर क्षेत्र से पुलिस एस आई पद एवं बीएसएफ में चयन होने वाले चार युवक युवतियों का सम्मान किया गया।

जिसमें कुमारी लिना नागेश पिता गौर सिंह नागेश ग्राम जाड़ापदर एस आई, कुमारी भवानी नागेश पिता चंदनसिंह नागेश ग्राम नहानबिरी एस आई, ओमप्रकाश नागेश पिता धन सिंह नागेश ग्राम मैनपुर कला एस आई एवं भुवनेश्वर धुर्वा पिता सदा राम धुर्वा ग्राम बेगरपाला बीएसएफ में चयन होने पर अखिल भारतीय अमात गोड़ समाज द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमात गोड़ समाज भाठीगढ़ राज अध्यक्ष गुजरात कमलेश, अमृतलाल नागेश संरक्षक भाठीगढ़ राज, खेदुराम नेगी केंद्रीय उपाध्यक्ष, टीकम सिंह कपिल केंद्रीय कोषाध्यक्ष, कन्हैयालाल ठाकुर, सियाराम ठाकुर प्रेमसाय जगत, गोपी राम नेताम, चंद्र कुमार नागेश बलिराम नेताम, छविराम दीवान, अभिराम नागेश, खोलुराम कोमर्रा, पवन दीवान, चैन सिंह नेताम, प्रकाश मरकाम, डागेश्वर नेगी, केशव मरकाम, उदेराम नेताम, सोभलाल नागेश, डीगेश्वर नागेश, सतीश मरकाम, विशाखाबाई नागेश, प्रमिला नागेश, आसीन बाई नेताम, उपासीन बाई नागेश, कुमारी प्राची नागेश, कुमारी भगवती नागेश एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चंद्र कुमार नागेश, सुखराम नागेश, रामेश्वर कपिल, महेंद्र परस द्वारा किया गया।



## ठेठवार यादव समाज फिंगेश्वर का मातर मिलन समारोह

# गोवंश की सेवा करना यादवों के लिए गौरव की बात : साहू

हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर ठेठवार यादव समाज फिंगेश्वर द्वारा मातर मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि द्वारा राज परिवार के पुखराज सिंह पूर्व विधायक सरायपाली व कुंवर आदित्येन्द्र बहादुर सिंह,अध्यक्षता भागवत हरित व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव के विशिष्ट आतिथ्य तथा रामू राम साहू, शिवकुमार ठाकुर, शिवकुमार तिवारी के विशेष आथित्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत जगतगुरु भगवान श्री कृष्ण के पूजन वंदन से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों सहित सभी गणमान्य नागरिकों ने फूडहर देवता का पूजन कर गौ माता को सबने सोहई बांधकर आशीर्वाद प्राप्त किया। रामू राम साहू ने गोपालन ने कहा कि आधुनिकता के युग में भी परंपरा अनुसार गोवंश की सेवा करने का कार्य यादवों के लिए गौरव की बात है तथा साथ ही यादव समाज के मातर मिलन समारोह को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि बिना भेदभाव के सभी जाति के लोगों को बुलाकर सम्मान किया जाना यादव समाज का बड़प्पन है।






### यादव समाज ने वर्षों पुरानी परंपरा को रखा है जीवंत

यादव समाज के लोगों का समाज में उल्लेखनीय कार्यों में प्रमुखता से सहयोग एवं मार्गदर्शन को भी प्रशंसनीय बताया। वहीं शिवकुमार तिवारी ने यादव समाज द्वारा वर्षों पुरानी परंपरा को आज भी जीवंत रखना बहुत बड़ी उपलब्धि की बात कही और यादव समाज को इसके लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुखराज सिंह ने मातर मिलन समारोह को अनोखा बताया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमेश यदु ने किया साथ ही आभार प्रदर्शन नगर यादव समाज अध्यक्ष तेजेश यदु किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से धर्मवीर यादव, डोगर सिंह मरकाम, विकास तिवारी,शैलेश सूर्यवंशी,कमलेश यदु, हरिशंकर श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिन्हा, छेरका साहू, रवि दत्त पांडे, सुनहर यदु, जितेन्द्र शर्मा, जयेश शुक्ला, मेघनाथ चोपड़ा, शंकर कंसारी, मनोज साहू संकदीक चौबे, अमृत यदु, मन्नू यदु, पुनीत यादव, योगेश ठाकुर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। टिकेश यदु, सोनल यादव, दुर्गेश यदु, संजू यदु, पुरुषोत्तम यदु, मनोज यदु, त्रिलोक यदु, सूरज यदु सहित सभी परिवार के सदस्य गण उपस्थित थे।

